आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 रविवार** **दिनांक 21.07.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— संसद का बजट सत्र कल से शुरू होगा—वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र भी कल से शुरू होकर छब्बीस जुलाई तक चलेगा।

2— प्रदेश के पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग और इसके क्रियान्वयन पर विचार के लिए समिति का किया गया गठन।

3— आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया—मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बालोद और रायगढ़ जिले में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल।

4— प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी—बस्तर में शबरी नदी सहित कई नदी—नाले उफान पर।

**संसद—सत्र**

संसद का बजट सत्र कल से शुरू होगा। इस बजट सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण तेईस

जुलाई को लोकसभा में आम बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

इस बीच, संसद के बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की।

## विधानसभा सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र कल से शुरू होगा। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान वित्तीय और शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। पहले दिन कल प्रश्नोत्तर काल के बाद राज्य सरकार इस सत्र का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि इस सत्र में अब तक नौ सौ छियासठ प्रश्न लगाए गए हैं।

## पंचायत सचिव–समिति गठित

प्रदेश के पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की मांग और इसके क्रियान्वयन के विचार के लिए समिति का गठन किया गया है। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव राजेश सिंह राणा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, पंचायत संचालनालय की संचालक प्रियंका ऋषि

महोबिया को सदस्य सचिव और विकास आयुक्त कार्यालय के वित्त नियंत्रक मो. यूनूस को सदस्य बनाया गया है। यह समिति तीस दिनों के भीतर अपना प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत करेगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायत सचिव दिवस के अवसर पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पंचायत सचिव संघ के शासकीयकरण की मांग पर समिति गठन की घोषणा की थी।

## गुरू पूर्णिमा

आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बालोद जिले के जामड़ी पाटेश्वर धाम में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने वहां सत्संग स्थल कौशल्या धाम में संत योगी बालकदास से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर सांसद भोजराज नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने ब्रम्हलीन संत राम जानकी दास जी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की और सत्संग स्थल परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पाटेश्वर धाम में ब्रम्हलीन गुरुदेव राम जानकी दास की समाधि का निर्माण कराने और मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार के साथ ही

जुगेंरा प्री–मैट्रिक बालक छात्रावास की सीटें पचास से बढ़ाकर सौ करने की घोषणा की।

रायगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ में गुरु दर्शन के लिए भी पहुंचे।

वहीं, उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी आज गुरूपूर्णिमा के अवसर पर राजधानी रायपुर के बोरिया खुर्द में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए और पीपल का पौधा लगाया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत दो सौ तीस एकड़ में फैले गजराज बांध के चारों ओर पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी मां की स्मृति और सम्मान में पौधरोपण किया।

## आयुष्मान कार्ड–कार्रवाई

इस वर्ष आयुष्मान कार्ड का गलत उपयोग करने वाले प्रदेश के अड़तालीस अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है, जिनमें से ग्यारह अस्पतालों पर जुर्माना लगाया गया है। वहीं, एक अस्पताल का पंजीयन निरस्त किया गया है। इन अस्पतालों के विरुद्ध आयुष्मान कार्ड से इलाज करने के बाद भी हितग्राहियों से अतिरिक्त नगद राशि लेने, आर्थिक लाभ पाने के लिए मरीजों को योजना अंतर्गत भर्ती किये जाने और अवैधानिक तौर पर योजना के तहत गर्भाशय के ऑपरेशन करने की शिकायत मिली थी। स्वास्थ्य विभाग ने अड़तालीस अस्पतालों में से शेष तैंतीस अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस भी

जारी किया गया था, जिसके स्पष्टीकरण के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**<u>मुख्यमंत्री–मलेरिया/डायरिया–निर्देश</u>**

बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में मलेरिया और डायरिया के हालात की समीक्षा की। उन्होंने अगले दो दिनों में पेयजल के सभी स्रोतों के क्लोरिनेशन के निर्देश दिए और गावों की सभी बोरिंग में अगले पन्द्रह दिनों में जिला पंचायत मद से प्लेटफार्म बनाने को कहा है। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि सभी डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी अपने मुख्यालय में उपस्थित रहें।

इस बीच, कलेक्टर अवनीश शरण ने बिलासपुर के जिला अस्पताल और सिम्स में भर्ती मलेरिया और डायरिया से पीड़ित मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस मौके पर उन्होंने लोगों से झाड़ फूंक और झोलाछाप डॉक्टरों से बचने की अपील की।

वहीं, बिलासपुर के मझगांव स्कूल में कलेक्टर के निर्देश पर मलेरिया से बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मलेरिया के लक्षण तथा उससे बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मलेरिया और डायरिया से निपटने के लिए जिला प्रशासन को हरसंभव उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में पांच लाख रूपए के एक इनामी माओवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया है। लोन वर्राटू अभियान से प्रेरित होकर इस माओवादी ने दन्तेवाड़ा के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप और पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह माओवादी प्लाटून पार्टी कमेटी के उत्तर सब जोनल ब्यूरो की राजनैतिक टीम का कमाण्डर था।

गौरतलब है कि जिले में लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक एक सौ नब्बे इनामी सहित कुल आठ सौ इंक्यावन माओवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं।

## शिक्षा–सप्ताह

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल बाईस जुलाई से प्रदेश में शिक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत शिक्षकों को स्थानीय सामग्री के प्रदर्शन और कक्षा में इनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में सत्ताईस जुलाई को मिशन लाईफ भी मनाया जाएगा। इसके तहत पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को लेकर बच्चों में जागरूकता के लिए स्कूलों में इको क्लब के गठन किया जाएगा। इको क्लब के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में मिशन लाइफ के लिए नए इको क्लब गठन के लिए दिशा–निर्देश दिए हैं।

## ओल्ड लिसनर्स ग्रुप–परिचर्चा

ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन और अहिंसा रेडियो श्रोता संघ द्वारा आज रायपुर के वृंदावन हॉल में ''वर्तमान संदर्भ में आकाशवाणी व दूरदर्शन की प्रासंगिकता'' विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर दूरदर्शन केन्द्र के अभियांत्रिकी विभाग के निदेशक संतोष कुमार देवहरे थे। इस अवसर पर आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर के उप निदेशक और कार्यक्रम प्रमुख लखनलाल भौर्य, कार्यक्रम अधिशासी शशिप्रकाश पांडेय के साथ ही मोहनलाल देवांगन और झावेन्द्र कुमार ध्रुव सहित अनेक श्रोता उपस्थित थे।

## बारिश

छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में आज भी बारिश का सिलसिला जारी है। सबसे ज्यादा बारिश बस्तर में दर्ज की गई है, जहां शबरी नदी उफान पर है।

वहीं, सुकमा जिले में पिछले अड़तालीस घंटों से लगातार बारिश जारी है, जिसके कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिले का कोंटा इलाका टापू बन गया है। मिंटो नदी में बाढ़ से एर्राबोर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर बने पुल–पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। कलेक्टर ने

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर निचली बस्तियों को खाली करवाकर लोगों के रहने और भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

इसी तरह, नारायणपुर जिले में कल से लगातार भारी बारिश हो रही है। इसके कारण पिनगुंडा नाला सहित अंदरूनी क्षेत्रों में नदी–नाले उफान पर हैं, जिससे इन मार्गों पर आवागमन बाधित हुआ है। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से होम गार्ड की टीमों को तैनात किया है।

वहीं, कांकेर जिले में कोटरी नदी उफान पर है, जिसकी वजह से चरामा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पानी भर गया है। कोटरी और खंडी नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है।

इधर, दुर्ग जिले के मोंगरा जलाशय से छत्तीस क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे पुल से छह फीट ऊपर पानी बह रहा है। वहीं, एनीकट के नौ गेट भी खोले गए हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा महमरा एनीकट के दोनों ही ओर गेट में ताला लगाकर मार्ग बंद कर दिया गया है। शिवनाथ नदी तट पर बसे गांव में मुनादी करा कर नदी से दूर रहने की चेतावनी दी है।

इस बीच, इसी जिले के अंजोरा थाना क्षेत्र ग्राम थनौद में शिवनाथ नदी के बाढ़ में लगभग दस मजदूर फंस गए, जिन्हें दुर्ग एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला।

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रायपुर, बस्तर और दुर्ग संभाग में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने आज पांच जिलों में आरेंज और बारह जिलों में यलो अलर्ट जारी किया था।

## **संक्षिप्त समाचार**

– छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राजनांदगांव में नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले तेरह करोड़ इक्यासी लाख रुपए लागत के छियानवे विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

– उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में केन्द्र सरकार द्वारा 'स्पार्क' पुरस्कारों से नवाजे गए नगरीय निकायों के अधिकारियों और लाभार्थियों को सम्मानित किया।

– उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

– कोडांगांव पुलिस ने शेयर मार्केट में लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

– गौरेला पेंड्रा मरवाही कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कल कन्या आश्रम एवं बालक आश्रम बेलझीरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर आश्रम के अधीक्षक और अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>